फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय नौघर

लम्बगॉव टिहरी गढवाल (उत्तराखण्ड) 249165

Website: www.psbcollegelambgaon.in
E-mail : gdclambgaon2001@gmail.com
mobile 7078802868

आज दिनांक 18.10.2023 को फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय नौघर लंबगांव में गृह विज्ञान विभाग की विभागीय परिषद के तत्वाधान में "गढ़वाल के पारंपरिक व्यंजनों का प्रदर्शन" किया गया। कार्यक्रम का मुख्य सरोकार पहाड़ी व्यंजनों और खान-पान की स्थानीय आदतों को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार शर्मा के उद्बोधन से हुआ। कार्यक्रम में बोलते हुए प्रोफेसर शर्मा ने कहा "हमें फास्ट फूड के स्थान पर स्थानीय उत्पादों से बने व्यंजनों और मोटे अनाजों से बने हुए व्यंजनों का प्रयोग करना चाहिए, आज के समय का फास्ट फूड स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है।"

कार्यक्रम का संयोजन गृह विज्ञान की अध्यक्षता श्रीमती मयनी चौधरी ने किया। उनका कहना है, "परंपरागत खाद्य पदार्थ के सेवन से ही युवा पीढ़ी का स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है इसलिए परंपरागत खानपान की आदतों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।" इस अवसर पर उत्तराखंड के प्रसिद्ध व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया जिसके परिणाम इस प्रकार हैं; प्रथम स्थान कु.सारिका तथा कु.मीनाक्षी, द्वितीय स्थान कु.अंजलि, कु.शीतल कु.करिश्मा और तृतीय स्थान कु.शिवानी और कु.दुर्गा ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डॉ.भरत सिंह राणा, श्रीमती प्रियंका डिमरी, श्रीमती अनुजा रावत और डॉ. शुभम उनियाल रहे।

इस अवसर पर डॉ. विपिन कुमार शर्मा, डॉ. सत्येंद्र कुमार पांडे, डॉ. अमित बिहान, डॉ. भरत सिंह चुफाल, श्री अजीत सिंह राणा, डॉ. विजय राणा, श्री बलबीर चौहान और छात्राओं में शोभनलता, आरती, सपना, आराधना, प्रीति, संध्या, मीनाक्षी, अंजलि, दुर्गा, आंचल, श्वेता, रितिका, ममता, संतोषी, अंकिता, पूजा उपस्थित रहे।

News: https://khabaruttarakhandki.com/news/uttarakhand-news/demonstration-of-traditional-dishes-of-garhwal-in-government-college-lambgaon-2040

विभागीय परिषद

विभागीय परिषद

विभागीय परिषद
GPS Map Camera
Google
Naughar, Uttarakhand, India
GFCW+MWJ, Naughar, Uttarakhand 249165, India
Lat 30.521555°
Long 78.497653°
18/10/23 01:25 PM GMT +05:30

गढ़वाल के पारंपरिक व्यंजन से छात्र-छात्राओं को किया गया परिचित

शाह टाइम्स संवाददाता

नई टिहरी। फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय चौंड लंबगांव में गृह विज्ञान विभाग की विभागीय परिषद के तत्वाधान में गढ़वाल के पारंपरिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया। जिसमें पहाड़ी व्यंजनों और खान-पान की स्थानीय आदतों को प्रोत्साहित करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर योगेश कुमार शर्मा ने किया उन्होंने कहा कि हमें फास्ट फूड के स्थान पर स्थानीय उत्पादों से बने व्यंजनों और मोटे अनाजों से बने हुए व्यंजनों का प्रयोग करना चाहिए, आज के समय का फास्ट फूड स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है। कार्यक्रम का संयोजन कर रही मयनी चौधरी ने परंपरागत खाद्य पदार्थ के सेवन से ही युवा पीढ़ी का स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है इसलिए परंपरागत खानपान की आदतों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर उत्तराखंड के प्रसिद्ध व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया जिसके परिणाम इस प्रकार हैं; प्रथम स्थान कु.सारिका तथा कु.मीनाक्षी, द्वितीय स्थान कु.अंजलि, कु.शीतल कु.करिश्मा और तृतीय स्थान कु.शिवानी और कु.दुर्गा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. भरत सिंह राणा, प्रियंका डिमरी, अनुजा रावत और डॉ. शुभम उनियाल, डॉ. विपिन कुमार शर्मा, डॉ. सत्येंद्र कुमार पांडे, डॉ. अमित बिहान, डॉ. भरत सिंह चुफाल, अजीत सिंह राणा, डॉ. विजय राणा, बलबीर चौहान और छात्राओं में शोभनलता, आरती, सपना, आराधना, प्रीति, संध्या, मीनाक्षी, अंजलि, दुर्गा, आंचल, श्वेता, रितिका, ममता, संतोषी, अंकिता, पूजा आदि मौजूद थे।

सारिका, मीनाक्षी ने बनाए स्वादिष्ट पकवान, रहे अव्वल

लंबगांव, 18 अक्तूबर (स.ह.) : फूल सिंह बिष्ट राजकीय महाविद्यालय लंबगांव में गृह विज्ञान विभाग की विभागीय परिषद ने गढ़वाल के पारंपरिक व्यंजनों का प्रदर्शन किया। बुधवार को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार शर्मा कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि हमें फास्ट फूड की बजाए स्थानीय उत्पादों और मोटे अनाजों से बने हुए व्यंजनों का प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम की संयोजक मयनी चौधरी ने कहा कि परंपरागत खाद्य पदार्थ के सेवन से ही युवा पीढ़ी का स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है। परंपरागत खानपान की आदतों को प्रोत्साहित किया जाना जरूरी है। व्यंजन प्रतियोगिता में सारिका व मीनाक्षी प्रथम, अंजलि, शीतल व करिश्मा द्वितीय, शिवानी और दुर्गा तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डॉ. भरत सिंह राणा, प्रियंका डिमरी, अनुजा रावत, डॉ. शुभम उनियाल, डॉ. विपिन कुमार शर्मा, डॉ. सत्येंद्र कुमार पांडेय, डॉ. अमित बिहान, डॉ. भरत सिंह चुफाल, अजीत सिंह राणा, डॉ. विजय राणा, बलबीर चौहान मौजूद थे।